Publication	Rajasthan Patrika
Date	01 September 2024

अगले तीन सालों में बिक्री को दोगुना करेगा एसपीएल

चेन्नई @पत्रिका. श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड (एसपीएल) की योजना वित्त वर्ष 2027 तक बिक्री को दोगुना करके 5,000 करोड़ रुपए करने, अपने राजस्व को तिगुना करने और अपने मुनाफे को चौगुना करने की है। ग्रुप के सीईओ जे. गोपालकृष्णन ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

एसपीएल के पास 42 प्रोजेक्ट हैं, जिनमें 42 मिलियन वर्ग फीट की विकास क्षमता है और इसका लक्ष्य दो साल में अपनी इन्वेंट्री को दोगुना करना है। 2006 में आरईआरए की शुरुआत के बाद से एसपीएल की बिक्री मात्रा 3.5 गुना बढ़कर 4.6 मिलियन वर्ग फीट हो गई और मूल्य पांच गुना बढ़कर 2,362 करोड़ रुपए हो गया। फर्म का वार्षिक हैंडओवर वित्त वर्ष 24 में चार गुना बढ़कर 3,000 से अधिक यूनिट हो गया है। एक नई ब्रांड पहचान एसपीएलएनएक्सटी का अनावरण किया।

फर्म का लक्ष्य बेंगलूरु, चेन्नई, पुणे और कोलकाता में 20 मिलियन वर्ग फुट से अधिक बिक्री करना है। चेन्नई में यह दो वर्षों में लगभग 6-8 मिलियन वर्ग फुट जोड़ने की उम्मीद करता है। इस मौके पर चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मूरली एम. ने कंपनी की आगामी योजनाओं की जानकारी दी।